# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ०ग०)**

**दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204, वेबसाईटः www.psc.cg.gov.in**


क्रमांक/486 /02/परीक्षा/2025 नवा रायपुर, दिनांक 05/05/2025

## राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2024 का आयोजन दिनांक 26, 27, 28 एवं 29 जून 2025 की सूचना

विज्ञापन क्रमांक 03/2024/परीक्षा दिनांक 26.11.2024

### <u>राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2024</u>

ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि - 06.05.2025 से 05.06.2025
ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि सुधार करने की तिथि - 06.06.2025 से 07.06.2025
मुख्य परीक्षा की तिथि - 26, 27, 28 एवं 29 जून 2025

01. छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 03/2024/परीक्षा दिनांक 26.11.2024 द्वारा राज्य सेवा परीक्षा-2024 के माध्यम से 17 सेवाओं हेतु कुल 246 पद विज्ञापित किए गए थे। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत दिनांक 09/02/2025 को राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का आयोजन प्रदेश के 33 जिला मुख्यालयों में किया गया था।

02. राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2024 हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा दिनांक 06.05.2025 (दोपहर 12:00 बजे) से 05.06.2025 (रात्रि 11:59 बजे) तक **www.psc.cg.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी। दिनांक 06.06.2025 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 07.06.2025 (रात्रि 11:59 बजे) तक आवेदक अपने मुख्य परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार कर सकेंगे। <u>इस हेतु पोर्टल शुल्क + जी.एस.टी. शुल्क देय होगा।</u> आवेदक अपने ऑनलाइन आवेदन में केवल एक बार ही निःशुल्क त्रुटि सुधार कर सकेंगे। दिनांक 07.06.2025 के बाद किसी भी प्रकार का त्रुटि सुधार नहीं किया जा सकेगा। इस संदर्भ में कोई भी अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जाएगा। राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 तथा मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन में दी गई जानकारी, साक्षात्कार के पूर्व मूल दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान सही नहीं पाए जाने पर अभ्यर्थी को अनर्ह घोषित किया जा सकेगा। (ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार हेतु विस्तृत जानकारी "परिशिष्ट-एक" पर संलग्न है।)

03. आवेदन करने हेतु आवेदक क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिग अथवा UPI के माध्यम से शुल्क भुगतान कर आवेदन कर सकते हैं।

04. राज्य सेवा मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने वाले आवेदकों को परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु राज्य सेवा मुख्य परीक्षा का आवेदन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना होगा। अन्य किसी माध्यम से भेजे गए आवेदन आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे। राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2024 हेतु निम्नानुसार आवेदन, परीक्षा एवं पोर्टल शुल्क का भुगतान करना होगाः-

| | |
|---|---|
| छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के निवासी आवेदकों के लिए | रुपये 400/- |
| उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ राज्य एवं अन्य राज्यों के समस्त आवेदकों को पोर्टल शुल्क + जी.एस.टी. शुल्क भी देना होगा | |

उपरोक्त आवेदन, परीक्षा एवं पोर्टल शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रुप में अन्य कोई राशि का भुगतान नहीं करना है।

05. मुख्य परीक्षा की परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम राज्य सेवा परीक्षा-2024 के विस्तृत विज्ञापन जो रोजगार और नियोजन के अंक दिनांक 04.12.2024 में प्रकाशित है। आवेदक उक्त विज्ञापन का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके ही ऑनलाइन आवेदन करें।

06. राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2024 की समय सारिणी पृथक से जारी की जा रही है।

07. आवेदकों को मुख्य परीक्षा हेतु जारी किए जाने वाले ऑनलाइन प्रवेश पत्र पर भी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2024 की समय-सारिणी उपलब्ध रहेगी।

सही/-

**परीक्षा नियंत्रक**

**छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,**

**नवा रायपुर, अटल नगर**

**(छत्तीसगढ़)**